रानी के परिजनों से मिले विधायक,आर्थिक सहायता देकर बंधाया ढांढस

चौरीचौरा (गोरखपुर)। विधान सभा क्षेत्र के खुरहुरी गांव में रानी विश्वकर्मा की हत्या के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर सरवन निषाद गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार खुद को अकेला न समझे। परिवार को न्याय दिलाने और उनकी हर संभव मदद के लिए वह पूरी मजबूती से साथ खड़े हैं। विधायक ने डीएम से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवार की पात्रता के अनुसार उसे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। नियमानुसार आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



◆निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश◆डीएम से वार्ता कर पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आईटीएम गीडा के विद्यार्थियों ने हासिल की शानदार जीत

सहजनवां (गोरखपुर)। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आईटीएम गीडा, गोरखपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवनाथ मौर्य,अविनाश विश्वकर्मा, किशलय श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश के विभिन्न जिलों के फार्मेसी संस्थानों के बीच दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश फार्मेसी परिषद के सहयोग से किया गया था। आईटीएम गीडा की ओर से फार्मेसी संस्थान के निदेशक डा.पी.डी. पांडा, विभागाध्यक्ष श्वेता सिंह कार्यक्रम में शामिल रहीं। इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक एन.के. सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातन हेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल ने भी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दीं।



मंडी परिषद और खाद्य विभाग के केंद्रों पर आज से शुरू होगी धान खरीद

सहजनवां (गोरखपुर)। नवीन मंडी समिति सहजनवां में धान खरीद के लिए बनाए गए केंद्रों पर बुधवार से खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रों पर नमी मापक यंत्र, सफाई के लिए झरना और पर्याप्त बोरों की व्यवस्था कर ली गई है। शासन ने 1 नवंबर से धान खरीद की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन किसानों के न पहुंचने से खरीद शुरू नहीं हो सकी थी। मंडी परिषद के प्रथम और द्वितीय केंद्र पर अब तक 37 किसानों ने ऑनलाइन सत्यापन कराकर फार्म जमा किए हैं, जबकि खाद्य विभाग के दोनों केंद्रों पर 45 किसानों ने फार्म जमा किए हैं। केंद्र



प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि बुधवार से धान खरीद शुरू कर दी जाएगी। जो भी किसान धान विक्रय करना चाहते हैं, वे कागज सत्यापन कराकर फार्म जमा कर सकते हैं।

रोजगार मेले में 30 से अधिक कंपनियों ने दी दस्तक

मोतीराम अड्डा (गोरखपुर)। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, गोरखपुर मंडल की ओर से मंगलवार को खोराबार विकास खंड में विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक विपिन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिव प्रसाद जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक विपिन सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को सीधे कंपनियों से जुड़कर अपनी योग्यता और कौशल के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलता है। मेले में 30 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इनके माध्यम से एक हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती के अवसर उपलब्ध कराए गए। विभिन्न पदों के लिए 12 हजार से 35 हजार रुपये तक प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया गया था। इसमें 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के आठवीं पास से लेकर स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, बीबीए, बीसीए, बीटेक, एमबीए और एमसीए सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता और कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस दौरान जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, खंडविकास अधिकारी आसिफ अखलाक, जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद, सहायक सेवायोजन अधिकारी पवन कुमार पटेल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



◆एक हजार से अधिक पदों पर भर्ती के अवसर◆विधायक विपिन सिंह ने किया उद्घाटन◆12 से 35 हजार रुपये तक वेतन वाली नौकरियों के लिए युवाओं ने लिया हिस्सा

हरा पेड़ काटने से मना करने पर जान से मारने की धमकी

सहजनवां (गोरखपुर)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में हरा पेड़ काटने से मना करने पर मनबढ़ों ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। रामपुर निवासी चंद्रवती देवी पत्नी लालजी ने आरोप लगाया कि घर के सामने लगे हरे नीम के पेड़ को गांव के कुछ मनबढ़ों ने मंगलवार शाम करीब 5 बजे जबरन काट लिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिवाली ट्रेड फेयर में विद्यार्थियों ने दिखाई उद्यमशीलता और व्यावसायिक कौशल

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को दिवाली ट्रेड फेयर 2026 का आयोजन किया गया।

मेले में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न उत्पादों एवं खाद्य पदार्थों के आकर्षक स्टॉल लगाए। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यम शीलता, विपणन कौशल, व्यावसायिक प्रबंधन, वित्तीय नियोजन एवं ग्राहक व्यवहार की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिला। मेले में कुल 16 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपने व्यावसायिक विचारों को रचनात्मक स्वरूप देते हुए उत्पादों की प्रस्तुति, स्टॉल की सजावट, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग एवं बिक्री का प्रबंधन स्वयं किया। द सैंडविच जंक्शन, धेनुका धूप (ऑर्गेनिक अगरबत्ती), द क्रोशे कॉर्नर, गरमा गरम पकौड़ा जंक्शन, फ्राइज एंड फिज, नूर-ए-दिया, प्रोफेसर का पारा झालमुड़ी हमारा, मां विंध्यवासिनी फूड्स, स्वीट ट्रीट्स कॉर्नर,चटपटा जलजीरा, अरेबियन डेजर्ट कॉर्नर, नवाबी छोला समोसा, काजू कतली एंड रबड़ी, टेराकोटा, हैंडमेड क्राफ्ट,कुरकुरे की एक्टिविटी, द क्रोशे कर्ल्स बाय चित्री क्रिएशन सहित विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग को प्रोत्साहन देना रही।




◆विंध्यवासिनी फूड को मिला सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार

विद्यार्थियों को प्लास्टिक के स्थान पर बटर पेपर, क्राफ्ट पेपर, समाचार पत्र, पत्तों के दोने-पत्तल, पेपर कप एवं पेपर बाउल जैसी पर्यावरण हितैषी सामग्रियों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि सफल व्यवसाय के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी आवश्यक है। मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मां विंध्य वासिनी फूड्स को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल घोषित किया गया। स्टॉलों के मूल्यांकन एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों के चयन के लिए गठित निर्णायक मंडल में कंप्यूटर विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अंजलि चौधरी, गणित एवं सांख्यिकी विभाग की सहायक आचार्य सुश्री तान्या श्रीवास्तव, प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. सुबोध मिश्रा शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने उत्पादों की गुणवत्ता, प्रस्तुती करण, रचनात्मकता, सजावट एवं व्यावसायिक प्रबंधन सहित विभिन्न मानकों के आधार पर स्टॉलों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य सिद्धार्थ कु. शुक्ल ने किया।

शिक्षक उपेन्द्र दूबे का ईलाज के दौरान निधन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगरके वार्ड नंबर 08 बेवरी चौराहा निवासी उपेन्द्र दूबे (60) का मंगलवार दिन में लगभग 11 बजे मेडिकल कालेज गोरखपुर में ईलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनका एक हप्ते से मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज चल रहा था। वह मूलरूप से गोला थाना क्षेत्र के हटवा दूबेपूरा गांव के निवासी थे।वह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रजौली बुजुर्ग में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे।उनके निधन की खबर सुनकर परिवार,गांव-जवार व शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गयी। वह पत्नी राधिका देवी,एक पुत्र अविनाश दूबे व पुत्री संध्या दूबे समेत पूरा परिवार पीछे छोड़ गये। उनके निधन पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी,बसपा नेत्री अस्मिता चंद,खंड शिक्षाधिकारी उदय शंकर राय,जय प्रकाश तिवारी, दुर्गविजय नाथ दूबे,हरेकृष्ण दूबे,देव प्रकाश शुक्ल,डा फूलचंद तिवारी, विरेन्द्र तिवारी, पप्पू दूबे,राकेश कुमार यादव, कृष्णा तिवारी,मोहन गुप्ता, पुजारी यादव,अतुल दूबे,रिंकू दूबे, मंटू बाबा,रामानंद तिवारी, काशीनाथ तिवारी, शशिभूषण राय, अमेरिका लाल, बबलू यादव,राजेश कोटेदार, मान सिंह,बबलू रावत आदि ने शोक प्रकट किया है।



कृष्णचन्द्र वर्मा और राज नारायण सिंह का भव्य स्वागत

चौरीचौरा (गोरखपुर)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जंगल रमलखना निवासी कृष्ण चन्द्र वर्मा को भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ का प्रदेश सह-संयोजक तथा राज नारायण सिंह को भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर महा नगर में लगातार तीसरी बार महामंत्री बनाए जाने पर मंगलवार को तरकुलहा देवी मंदिर परिसर में भव्य स्वागत, सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शाम करीब 3.30 बजे मंदिर परिसर के व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने दोनों नेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर तथा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर कृष्ण चन्द्र वर्मा ने कहा कि भाजपा में समर्पित कार्य कर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है। उन्होंने मां तरकुलहा देवी मंदिर के विकास को और गति देने का भरोसा दिलाया। राज नारायण सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी व्यापारियों के प्रति आभार जताया। राज नारायण सिंह मां तरकुलहा देवी धाम चैरिटे बल ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा कृष्ण चन्द्र वर्मा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश यदुवंशी, अमरनाथ जायसवाल, हिमाचल साहनी, राजेश जायसवाल, मुन्नी लाल चौहान, ऋषि साहनी, सोनू पासवान, सचिन पासवान, बबलू पासवान, उज्वल साहनी, धर्मेंद्र जायसवाल, हरि ओम, सुग्रीव साहनी, हरीश राज भर, विष्णु तिवारी और जय प्रकाश सैनी सहित सैकड़ों व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने भाजपा नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए दोनों नेताओं को बधाई दी।



◆तरकुलहा देवी मंदिर परिसर में व्यापारियों ने माल्यार्पण कर किया सम्मानित

शिक्षिका हत्या काण्ड

पीड़ित परिवार को मिले आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी-राम आसरे विश्वकर्मा

चौरीचौरा (गोरखपुर)। झंगहा थाना क्षेत्र के बोहाबार खुरुहरी गांव में रानी विश्वकर्मा हत्याकांड को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पार्टी नेताओं के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना पर दुख जताया और न्याय की लड़ाई में साथ देने का भरोसा दिलाया। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष बृजेश गौतम सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद सपा प्रतिनिधिमंडल ने फुटहवाईनार स्थित अजय कु. सिंह टप्पू के कैंप कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहाकि सीएम सिटी में विश्वकर्मा समाज की बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना बेहद गंभीर है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर शेष आरोपितों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कराने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक समाज वादी पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक के लोगों की इस घटना में भूमिका है और मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की। वहीं, अजय कुमार सिंह टप्पू ने कहा कि पीड़ित परिवार को वास्तविक न्याय तभी मिलेगा, जब हत्या कांड में शामिल सभी आरोपित सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से किसी भी दबाव में आए बिना निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान सुनील सिंह, मुन्नीलाल यादव, पूर्व चेयरमैन विनोद जा., शिव प्रसाद चौरसिया, बबलू अंसारी, रामनाथ यादव, सागर, जय कुमार साहनी, रमा शंकर, गुलाब यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



◆अजय सिंह टप्पू ने कहा-सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही मिलेगा परिवार को न्याय

18 नवंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी श्री मोदनसेन महाराज की जयंती

मोतीरामअड्डा (गोरखपुर)। श्रीकान्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल सेवा समिति, गोरखपुर की बैठक एक नवंबर को जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से श्री मोदनसेन जी महाराज की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। समिति की ओर से अक्षय नवमी के पावन अवसर पर 18 नवंबर, दिन बुधवार को घासी कटरा चौक स्थित प्राचीन उदासीन हलुवा बाबा मंदिर में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, सहभोज एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। कार्यक्रम में समाज के सभी भाई-बंधुओं एवं माताओं-बहनों से शामिल होने की अपील की गई है। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। बैठक में संरक्षक सत्यनारायण गुप्ता, रविंद्रनाथ गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम दास (राजा बाबू), ओमप्रकाश गुप्ता, घनश्याम मोदनवाल, प्रहलाद गुप्ता, संजय मोदनवाल,ऋषभ गुप्ता, अमर जीत मोदनवाल, विक्की गुप्ता, इंजीनियर मदन गोपाल, चंद कुमार गुप्ता सहित अध्यक्ष राहुल गुप्ता उपस्थित रहे।



मनबढ़ों ने दरवाजे के सामने पेड़ को जबरन काटकर गिरा दिया

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर निवासिनी चन्द्रावती देवी पत्नी लालजी ने गांव के ही प्रदीप शुक्ला पुत्र राजमंगल शुक्ला और राम बेलास पुत्र साधु के खिलाफ थाने में तहरीर देकर दरवाजे के सामने हरे नीम के पेड़ को काट कर गिरा देने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर निवासिनी चन्द्रावती देवी पत्नी लालजी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारे दरवाजे के सामने एक नीम का हरा पेड़ था, जिसको आज मंगलवार को शाम 5 बजे के करीब गांव के ही प्रदीप शुक्ला और राम बेलास शुक्ला ने जबरदस्ती काटकर गिरा दिए, हमने जब पेड़ काटने से मना किया तो उक्त लोगों ने मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान-माल की धमकी देने लगे। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

◆मना करने पर दी जान-माल की धमकी,पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

दिल्ली पुलिस के रवैये के खिलाफ अधिवक्ताओं ने निकाली बाइक रैली

नौतनवा/महराजगंज (आज)। दिल्ली पुलिस के कथित रवैये और भड़काऊ बयानों के विरोध में मंगलवार को नौतनवा तहसील के अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए बाइक रैली और विरोध मार्च निकाला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाइक रैली नौतनवा तहसील गेट से शुरू होकर खनुवा चौराहा, गांधी चौक, अस्पताल चौक, हनुमान चौक और पुरानी नौतनवा होते हुए वापस तहसील परिसर पहुंची। यहां अधि वक्ताओं ने सभा कर अपने विचार व्यक्त किए। सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला ने दिल्ली के शाहदरा एसपी को बर्खास्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अधि वक्ताओं के सम्मान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो देशभर के अधिवक्ता एकजुट होकर व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, साधु शरण मिश्र, गिरीश त्रिपाठी, संतोष पांडेय, गंगा सागर मौर्य, दीपेंद्र कुमार प्रजापति, जितेंद्र, बुद्धेश, राजन, प्रमोद यादव, जय प्रकाश, रमेश चौधरी, इब्राहिम शेख, सुनील गौड़, शत्रुघ्न यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



◆शाहदरा के एसपी को बर्खास्त करने की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

जश्न ए दस्तार बंदी में चार के सिर सजा हाफिज ए कुर्आन का सेहरा

भटहट (गोरखपुर)। बैलों स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत अनवारुल उलूम में सोमवार रात एक दिवसीय दस्तारबंदी जलसा हुआ। इसमें कुरआन याद करने वाले चार छात्रों के सिर पर धर्मगुरुओं ने पगड़ी बांधी और प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम की शुरुआत उस्ताद-ए-हुफ्फाज कारी शादाब रजा रिजवी अलीमी ने कुरआन की तिलावत से की। हाफिज मेहताब आलम, हाफिज मोहम्मद कैश, हाफिज गुलाम अब्दुल कादिर और कारी मोहम्मद सरफराज की दस्तारबंदी की गई। मुख्य अतिथि हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती डॉ. शहरयार रजा पूरनिवा, बिहार ने कहा कि इस्लाम को चाहने वालों की संख्या कम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया में 1500 साल से इस्लाम को मानने वाले मौजूद हैं। कुरआन के जरिए अल्लाह ने अपने महबूब को कयामत तक का ज्ञान दिया है। उन्होंने लोगों से कुरआन पढ़ने और सुनने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया और साइंस ने इस्लाम का संदेश पहुंचाना आसान किया है। वाट्सएप, फेसबुक, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्ञान हासिल करना सरल हुआ है। उनके मुताबिक, कुरआन ने दुनिया को सभ्य समाज बनाने का ज्ञान दिया। विशिष्ट अतिथि हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुस्सलाम रिजवी साहब किबला बलरामपुरी ने कहा कि जीवन जीने के लिए ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितनी सांस लेने के लिए ऑक्सीजन। उन्होंने कहा कि 1400 साल पहले नबी ए करीम पर कुरआन उतरा था और उसमें बदलाव की कोई गुंजाइश नहीं है। अग्या शरीफ से आए पीर तरीकत, रहबरे राहे शरियत हजरत अल्लामा मौलाना हबीब-उर-रहमान साहब किबला से इलाके के लोग मुरीद हुए। कार्यक्रम में शायर एहसास शाकिर जीयनपुरी और यूसुफ आरजू बस्ती ने नात शरीफ पेश की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मकसूद ने किया। आखिर में सलातो -सलाम के बाद दुआ हुई। इसमें मदरसे की तरक्की और देश में अमन-चैन के लिए दुआ मांगी गई।



◆बैलों के दारुल उलूम अहले सुन्नत अनवारुल उलूम में जलसा, हजारों लोग शामिल

वार्षिक एथलीट प्रतियोगिता 12 नवंबर से

मोतीरामअड्डा (गोरखपुर)। अखिल भाग्य स्नातकोत्तर महा विद्यालय, रानापार में आगामी 12 नवंबर से 14 नवंबर तक वार्षिक एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इच्छुक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं संबंधित विभाग से संपर्क कर अपना प्रवेश/पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।